36° अधिकतम | 22° न्यूनतम | सूर्योदयः 05.49 सूर्यास्तः 06.12

पटना जाएंगे दूरदर्शन के उपकरण, ठप होगा प्रसारण

मुजफ्फरपुर | विभेष त्रिवेदी

मुजफ्फरपुर दूरदर्शन केन्द्र के आधा दर्जन अत्याधुनिक उपकरण खोलकर पटना दूरदर्शन केन्द्र में स्थापित हो रहे डीटीएच (डायरेक्ट टू होम) प्लेटफॉर्म में लगाए जाएंगे। दूरदर्शन निदेशालय ने पत्र से मुजफ्फरपुर दूरदर्शन केन्द्र से ऑडियो-वीडियो सिस्टम, ऑडियो मिक्स्चर व ऑडियो इक्यूलाइजर सहित कई महत्वपूर्ण उपकरणों को पटना भेजने का आदेश दिया है। उपकरणों के जाते ही तत्काल यहां रिकार्डिंग बाधित हो जाएगी व यहां के स्टूडियो से प्रसारण भी ठप हो जाएगा।

तत्काल मुजफ्फरपुर के ट्रांसमीटर में वीसीआर लगाकर कार्यक्रम के कैप्सूल प्रसारित किए जाएंगे। पटना भेजे जा रहे उपकरणों को लौटाए जाने तक यहां से पुराने कार्यक्रम ही दोबारा प्रसारित किए जाएंगे। दूरदर्शन के महानिदेशक त्रिपुरारी शरण के हालिया मुजफ्फरपुर दूरदर्शन केन्द्र के दौरे के बाद यहां के उपकरणों को पटना भेजने की तैयारी से कला-संस्कृति कर्मियों को झटका लगा है। त्रिपुरारी शरण मुजफ्फरपुर के आगानगर गांव के वासी हैं। ये उपकरण गत दिसंबर में मुजफ्फरपुर दूरदर्शन केन्द्र के डिजिटलाइजेशन के दौरान लगाए गए थे। पटना दूरदर्शन से मई के पहले सप्ताह में 24 घंटे क्षेत्रीय भाषा का कार्यक्रम प्रसारित करने के लिए डीटीएच प्लेटफॉर्म बनाया जा रहा है। देश के दूसरे राज्यों की राजधानियों से 24 घंटे क्षेत्रीय भाषा के कार्यक्रम का प्रसारण बहुत पहले शुरू हो चुका है।

- यहां के छह अत्याधुनिक उपकरण लगाए जाएंगे पटना के डीटीएच प्लेटफॉर्म में
- ऑडियो-वीडियो सिस्टम, ऑडियो मिक्स्चर और इक्यूलाइजर पटना भेजने का आदेश
- आज-कल में बंद होगी रिकार्डिंग और मुजफ्फरपुर स्टूडियो से प्रसारण

पटना से नहीं लौटी ईएफपी वैन

वर्ष 2007 में मुजफ्फरपुर दूरदर्शन केन्द्र से ईएफपी (एक्सटर्नल फिल्म प्रोडक्शन) वैन पटना भेजी गई थी। मुजफ्फरपुर के तत्कालीन स्टेशन इंजीनियर का पटना तबादला होने के बाद ईएफपी वैन मंगाई गई थी, जो आज तक नहीं लौटाई गई। हाल में मुजफ्फरपुर के स्टेशन इंजीनियर डीके श्रीवास्तव का पटना तबादला हुआ है। उनके पटना पहुंचने के बाद मुख्यालय से मुजफ्फरपुर के उपकरण खोलने के फरमान जारी हो गए।

पटना में डीटीएच प्लेटफॉर्म के लिए कुछ उपकरणों की जरूरत है। कर्ज के रूप में 4-6 उपकरण भेजे जाएंगे, जिन्हें फिर लौटा दिया जाएगा। एक दो दिन में अपनी सुविधा से उपकरण पटना भेज देंगे। इससे मुजफ्फरपुर केन्द्र को कोई नुकसान नहीं होगा। यहां डिजिटलाइजेशन से पहले वाले सिस्टम को फिर से चालू किया जाएगा। **आरएम मिश्रा, स्टेशन हेड, मुजफ्फरपुर दूरदर्शन केन्द्र**

दूरदर्शन केन्द्र के उपकरण खोलने पहुंची टीम को संस्कृतिकर्मियों ने लौटाया

मुजफ्फरपुर | प्रमुख संवाददाता

मुजफ्फरपुर दूरदर्शन केन्द्र के स्टूडियो से अत्याधुनिक उपकरणों को खोलकर ले जाने के लिए बुधवार को पटना से आयी टीम को सांस्कृतिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने बाहर से ही लौटा दिया। संस्कृति कर्मी टीम को देखते ही दूरदर्शन केन्द्र के सामने धरने पर बैठ गयेऔर नारेबाजी करने लगे।

संस्कृतिकर्मी 'पटना के कर्मचारी वापस जाओ' और 'मुजफ्फरपुर दूरदर्शन केन्द्र को बचाना होगा' के नारे लगते रहे। रात में गुप्त रूप से उपकरणों को खोलने की आशंका को देखते हुए संघर्ष समिति ने रात भर बारी-बारी से दो-दो सदस्यों को दूरदर्शन केन्द्र के आसपास तैनात रखने का निर्णय लिया है।

संघर्ष समिति के प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को दूरदर्शन केन्द्र के स्टेशन हेड आरएम मिश्रा को ज्ञापन देते हुए मुजफ्फरपुर दूरदर्शन की कीमत पर पटना दूरदर्शन को विकसित किए जाने पर आपत्ति जतायी।

प्रतिनिधिमंडल में संघर्ष समिति के अध्यक्ष प्रो. डीपी राय, सचिव प्रेम रंजन सिंह, भाजपा कला संस्कृति मंच के महामंत्री चंद्र किशोर पाराशर, नव संचेतन के सचिव प्रमोद आजाद, कायाकल्प के संजीत किशोर, इप्टा के सचिव अजय विजेता, स्वर्निम कला केन्द्र की दिव्या स्मृति, रौशन कुमार एवं नीजर कुमार सिंह शामिल थे।

इधर, भाकपा माले के जिला सचिव ने कहा है कि उपकरणों को बाहर भेजे जाने से मुजफ्फरपुर की कलात्मक गतिविधियां प्रभावित होंगी। पार्टी स्थानीय कला को संरक्षित करने व कलाकारों को उचित मंच प्रदान करने के लिए जोरदार तरीके से अभियान चलाएगी।

दूरदर्शन के अधिकारी से वार्ता करते विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि।

विरोध का नया अंदाज

यंत्रों को पटना भेजने के निर्णय का गुरुवार को अलग अंदाज में विरोध किया जाएगा। दूरदर्शन केन्द्र के प्रवेश द्वार पर लोक कला मंच, स्वर्णिम कला केन्द्र, कायाकल्प, इप्टा, साधना कला केन्द्र, गुरुवर संगीत महाविद्यालय, वासुदेव संगीत महाविद्यालय, संस्कृति सुषमा, सुरभि, संकल्प, मुजफ्फरपुर कलाकार मंच, संस्कृति संगम सहित कई अन्य संगठनों के पदाधिकारी व कलाकार धरना पर बैठकर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे।